Patrika (Indore), 25th June 2026, Page – 12 (Front Page – plus 02)

27 जून को होगा 14वां दीक्षांत समारोह

आइआइटी इंदौर: 807 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

इंदौर @ पत्रिका. आइआइटी इंदौर का 14वां दीक्षांत समारोह 27 जून को होगा। इस मौके पर 807 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। समारोह में नीति आयोग के सदस्य और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. अभय करंदीकर मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता आइआइटी इंदौर के शासी मंडल के अध्यक्ष और इसरो के पूर्व प्रमुख के. शिवन करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी समारोह की मेजबानी करेंगे।

807 डिग्री में 111 पीएचडी शोधार्थी, 356 बीटेक, 146 एमटेक, 23 एमएस (रिसर्च), 102 एमएससी और 69 एमएसडीएसएम कार्यक्रम के विद्यार्थी शामिल हैं। एमटेक के विद्यार्थियों में हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के 19 विद्यार्थी और सेंटर ऑफ फ्यूचरिस्टिक डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजी (सीएफडीएसटी) के एमटेक कार्यक्रम के दो विद्यार्थी भी शामिल हैं। इस बार वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स लि. के कर्मचारियों के लिए संचालित एमटेक इन हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के पहले दो बैचों को पहली बार डिग्री प्रदान की जाएगी। सेंटर ऑफ फ्यूचरिस्टिक डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजी के एमटेक कार्यक्रम के पहले बैच को भी उपाधियां मिलेंगी।

सात स्वर्ण पदक

समारोह में सात स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, बुटी फाउंडेशन स्वर्ण पदक, वीपीपी मेनन स्वर्ण पदक, संस्थान स्वर्ण पदक, अगम प्रसाद स्मृति स्वर्ण पदक, गंटी सुब्बा राव एवं गंटी वेंकट रमाणी पुरस्कार तथा नव स्थापित अशोक बंसल स्मृति स्वर्ण पदक शामिल हैं। अशोक बंसल स्मृति स्वर्ण पदक महिला शोधार्थी को दिया जाएगा। विभिन्न श्रेणियों में 8 विद्यार्थियों को रजत पदक प्रदान किए जाएंगे। स्नातक स्तर पर अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ बीटेक परियोजना पुरस्कार भी दिया जाएगा।